**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 2898**
**गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024/21 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**वाणिज्यिक ड्रोन का उपयोग**

**2898. श्री मड्डीला गुरूमूर्ति:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में वाणिज्यिक ड्रोन के उपयोग का क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है,

(ख) सरकार द्वारा किए गए उन पहलों की सूची क्या है जिनमें मानचित्रण, सर्वेक्षण और कृषि के लिए ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है; और

(ग) किसानों के लिए ऐसे आंकड़े और चित्र किस सीमा तक उपलब्ध हैं?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) और (ख) ड्रोन का उपयोग अर्थव्यवस्था के सामान्य और आपातकालीन सेवाओं सहित लगभग सभी क्षेत्रों में किया जाता है। ड्रोन का उपयोग करने वाले कुछ क्षेत्रों में कृषि, वैक्सीन वितरण, निगरानी, खोज और बचाव, परिवहन, मानचित्रण, रक्षा और कानून प्रवर्तन शामिल हैं।

सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को तीन वर्ष (वर्ष 2023-24 से 2025-26) की अवधि के दौरान 15,000 ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय क्षेत्र की योजना 'नमो ड्रोन दीदी' का अनुमोदन किया है, ताकि उन्हें वहनीय व्यवसाय और आजीविका सहायता प्रदान की जा सके। वर्ष 2023-24 में 500 ड्रोन लीड फर्टिलाइजर कंपनियों (एलएफसी) द्वारा अपने आंतरिक संसाधनों का उपयोग करके खरीदे गए हैं और चयनित एसएचजी को संवितरित किए गए हैं। इसका विवरण निम्नानुसार है:

| राज्य का नाम | एलएफसी द्वारा संवितरित ड्रोनों की संख्या |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 96 |
| असम | 9 |
| बिहार | 5 |
| छत्तीसगढ़ | 12 |
| गुजरात | 18 |
| हरियाणा | 22 |
| हिमाचल प्रदेश | 4 |
| झारखण्ड | 1 |
| कर्नाटक | 82 |
| केरल | 2 |
| मध्य प्रदेश | 34 |
| महाराष्ट्र | 30 |

| | |
|---|---|
| ओडिशा | 12 |
| पंजाब | 23 |
| राजस्थान | 19 |
| तमिलनाडु | 17 |
| तेलंगाना | 72 |
| उत्तर प्रदेश | 32 |
| उत्तराखंड | 3 |
| पश्चिम बंगाल | 7 |

इन ड्रोनों का स्वामित्व स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) के पास होगा। "नमो ड्रोन दीदी" योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों को प्रदान किए गए ड्रोन का उपयोग उनके द्वारा तरल उर्वरकों और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए किसानों को किराये पर सेवाएं प्रदान करने हेतु किया जाएगा।

सरकार ने भूमि मानचित्रण और डिजिटल संपत्ति कार्ड जारी करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ ग्रामीण आबादी और मानचित्रण (स्वामित्व) योजना शुरू की है।

सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों के लिए प्रौद्योगिकी विकास, कौशल और प्रौद्योगिकियों की तैनाती के लिए ड्रोन और संबंधित प्रौद्योगिकी के संबंध में कई अन्य पहल भी शुरू की हैं।

(ग) मंत्रालय के पास ऐसा कोई डेटा नहीं है।

******

******